कोटा में पैर पसार रहा है डेंगू, एक की मौत, प्रशासन कर रहा है रोकने के प्रयास

डेंगू के अब तक 178 मामले सामने आ चुके हैं

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। डेंगू, चिकनगुनिया और स्क्रब टायफस कोटा में लगातार पर पैर पसार रहा है। डेंगू के अब तक 178 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं एक नर्सिंग छात्र की मौत डेंगू से ही होना सामने आ रहा है। उसकी रिपोर्ट 23 तारीख को डेंगू पॉजीटिव आई थी। इसके बाद तबीयत बिगड़ने पर

■ **नर्सिंग छात्र की मौत डेंगू से ही होना सामने आ रहा है। उसकी रिपोर्ट 23 तारीख को डेंगू पॉजीटिव आई थी**

उसके परिजनों ने पहले इटावा और फिर कोटा मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां पर चंद घंटे भर्ती रहने के बाद ही उसकी मौत हो गई थी। दूसरी तरफ कोटा में भयावह हालत डेंगू को लेकर हो गए हैं। यहां तक कि अस्पतालों में भी मच्छरदानी लगानी पड़ रही है। संभाग के सबसे बड़े मातृ एवं शिशु चिकित्सालय जेके लोन अस्पताल में मच्छरों का इतना खतरा हो गया है कि मच्छरदानी से मरीजों का बचाव करना पड रहा है। नवजात और शिशुओं को

कोटा में डेंगू की रोकथाम के लिए अस्पतालों में बेड पर मच्छरदानी लगाई जा रही है ।

डेंगू से बचने के लिए कई बेड पर मच्छरदानी लगाई गई है। एक मच्छर जाली वाले बेड में तीन से चार नवजातों को रखा गया है। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल के अधीक्षक डॉ.आशुतोष शर्मा का कहना है कि 26 सितंबर को शाम 4.00 बजे के आसपास इमरजेंसी में एक बालिका को इटावा से रेफर कर परिजन लेकर आए थे। उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी हुई थी। डेंगू के सिम्टम्स के अनुसार ही उसके परिजनों ने बताए थे और डॉक्टर की पुरानी प्रिस्क्रिप्शन में भी यही था। इसीलिए डेंगू मानकर ही उसका इलाज किया गया था। परिजनों का कहना है कि 19 वर्षीय छात्र कोटा के एमबीएस अस्पताल परिसर स्थित एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में अध्यनरत थी और वह मूल रूप जिले के इटावा इलाके के करवाड़ गांव निवासी थी। कोटा में लगातार बुखार आने पर 22 सितंबर को जांच करवाई थी जिसमें डेंगू की रिपोर्ट 23 सितंबर को पॉजिटिव आई थी। तबीयत ठीक होने पर वह 25 सितंबर को गांव चली गई। जहां पर उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजनों ने पहले उसे इटावा में भर्ती रखा था वहां भी तबीयत बिगड़ने पर 26 सितंबर को कोटा लेकर गए थे जहां पर उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था।

कोटा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जगदीश सोनी का कहना है कि नाजिया की मौत के बारे में जांच पड़ताल करवा रहे हैं। जिस मरीज की मौत हुई है वह डेंगू पॉजिटिव थी। ऐसे में पूरे मामले के डेथ ऑडिट करवाई जाएगी।

इयरफोन लगाकर पटरी पर लेटा, सिर धड़ से अलग

कोटा, (निसं)। कोटा-बारां रेल्वे लाईन पर एक युवक कान में ईयर फोन लगाकर लेट गया। ट्रेन की चपेट में आने उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। युवक की मौत हो गई।

घटना शुक्रवार रात 9 बजे के आसपास सिमलिया थाना क्षेत्र की है। युवक सुनील (21) भांडाहेड़ा गांव का रहने वाला था।

खेती व मजदूरी करता था। सिमलिया थाना एएसआई सीताराम ने बताया कि सुनील शाम को 7 बजे अपने घर से मामा के यहां देवपुरा जाने की कह कर निकला था।

कोटा-बारां रेलवे लाइन पर कल्याणपुरा फाटक के आगे रेलवे ट्रैक पर जाकर सो गया। उसने कान में ईयर फोन लगा रखे थे।

ट्रेन की चपेट में आने उसकी मौत हो गई। उसकी गर्दन धड़ से अलग हो गई। सूचना पर मौके पर गए। डेड बॉडी के पास शराब का क्वॉटर मिला है। परिजनों ने बताया कि सुनील हमेशा इयरफोन लगा कर गाने सुनता था। शराब पीने का आदी था।

परिवार में किसी की बात नहीं मानता था। रात को भी मामा के यहां जाने की कहकर निकला था। परिजनों ने बताया कि उसकी किसी से कहासुनी व झगड़ा नहीं हुआ।

प्रारंभिक जांच में सुसाईड का मामला लग रहा है। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मेले में होंगे रामलला विग्रह के दर्शन

कोटा, (निसं)। 131वें राष्ट्रीय मेला दशहरा में इस बार सनातन संस्कृति की बयार बहती नजर आएगी। मेला परिसर में पहली बार इस्कॉन टेंपल बेंगलुरु की कोटा शाखा हरे कृष्ण मंदिर द्वारा श्रीराम लला की भव्य झांकी बनाई जा रही है। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि मेला प्रांगण में मुख्य प्रवेश द्वार के पास ही 1200 वर्ग फीट का वॉटर प्रूफ डोम तैयार किया जा रहा है, जिसका स्वरूप मंदिर कन्होगा। इस डोम में भगवान श्रीराम लला की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी, जो अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठित रामलला के विग्रह के समान ही होगी। वहीं पंडाल में एक और राम दरबार और श्रीराम की लीला से संबंधित झांकियां बनेगी तो दूसरी ओर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीमद्भगवत गीता से जुड़ी शिक्षाओं की झांकियां सजेंगी। हरे कृष्ण मंदिर के कॉ-ऑर्डिनेटर अंकुर शर्मा ने बताया कि श्रीराम दरबार मंदिर के माध्यम से दशहरे मेले में सनातन संस्कृति की झलक मिलेगी। अयोध्या जाकर श्रीराम लला के विग्रह के दर्शन करने जैसी अनुभूति मिल सकेगी। यहाँ प्रतिदिन भगवान के विग्रह का श्रृंगार होगा। भगवान श्रीराम और गीता के संदेश देती हुई झांकियां तैयार की जा रही हैं। इस अनूठे धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को संतों के द्वारा गीता के उपदेश भी दिए जायेंगे। साथ ही यहां मथुरा, वृंदावन और जयपुर की भजन मंडलियां कीर्तन भी करेंगी। यह प्रतिदिन शाम 4 से रात 12 तक खुलेगा, जिसमे हरे कृष्ण मंदिर की ओर से प्रतिदिन भिन्न-भिन्न प्रकार का प्रसादम वितरित किए जाएंगे।

सार-समाचार

सेवा भारती को भेंट की 4 सिलाई मशीन

कोटा, (निसं)। अग्र आरोही महिला मंच की ओर से शनिवार को सेवा भारती, कोटा महानगर के श्याम नगर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र को चार सिलाई मशीन भेंट की गईं। अध्यक्ष शालू अग्रवाल ने बताया कि अग्र आरोही हमारी बहनों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। सचिव पूजा मित्तल ने आगे भी समय-समय पर सेवा भारती के माध्यम से इनका सहयोग करते रहने की बात कही। इस अवसर पर अग्र आरोही महिला मंच की उपाध्यक्ष अल्का अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य कीर्ति अग्रवाल, संगीता रूंगटा एवं ऋतु गोयल भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सेवा भारती के आधिकारी मोहन मुरारी सोनी, अरुण सिंह चौहान, रामगोपाल नामा, धर्म जागरण प्रमुख दिनेश चंद्र गौतम एवं महिला सदस्य विजय गौतम भी मौजूद रहे।

शिविर में 49 यूनिट रक्त संग्रह

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग के तत्वावधान में शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सम्भागीय अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि सूर्यवंश महाराजा अग्रसेन के 5149वें जन्मोत्सव के अवसर पर संस्था द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रवाल ब्लड बैंक शीला चौधरी रोड तलवंडी पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 49 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

हर बूथ पर होगा मन की बात कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का शनिवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारण होगा। कार्यक्रम सहसंयोजक नरेंद्र मोहन गौतम ने बताया कि जिलेभर में प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को लाईव सुनने के लिए कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद अधिकतम संख्या दिवस के रूप में सदस्यता अभियान भी किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर और मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक ललित शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

आरक्षण उप वर्गीकरण पर होगा मंथन

कोटा, (निसं)। मां चर्मण्यवती (चंबल) की धरा हाड़ौती क्षेत्र ने वाल्मीकि समाज का पहला सांसद, पहला विधायक, पहला जिला प्रमुख, पहला सफाई आयोग का अध्यक्ष दिया है और अब आरक्षण उप वर्गीकरण को लेकर राज्यस्तरीय रणनीति भी कोटा में बनेगी। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक सुरेश पचेरवाल ने बताया कि रविवार को प्रातः 10 बजे कंचन रिसोर्ट थेकड़ा रोड़ बोरखेड़ा पर समाज के सभी प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे जो उप वर्गीकरण को लेकर महामंथन करेंगे और यहां से आगे आंदोलन को मूर्त रूप दिया जाएगा।

महाराव इज्यराज सिंह को किया निमंत्रित

कोटा, (निसं)। मेला दशहरा के विभिन्न कार्यक्रमों में गणमान्य प्रबुद्धजनों को निमंत्रित करने की शुरुआत नगर निगम ने शनिवार से कर दी। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, मेला अधिकारी जवाहरलाल जैन तथा अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश चंद्र गोयल ने शनिवार को पहला निमंत्रण पत्र विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश के चरणों में अर्पित किया। इसके बाद तीनों महाराव इज्यराज सिंह से मिले और उन्हें भी मेले के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए सपरिवार निमंत्रित किया। मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने महाराव इज्यराज सिंह को मेले की तैयारी की जानकारी दी तथा इस वर्ष किए जा रहे नवाचारों के बारे में भी बताया। महाराज इज्यराज सिंह ने मेला समिति तथा निगम अधिकारियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए और अधिक कोशिश करें।

मंदिर में महादान उत्सव मनाया

कोटा, (निसं)। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर शनिवार को अश्विन कृष्ण एकादशी पर महादान उत्सव मनाया गया। इस दौरान दानगढ़ और मानगढ़ का मनोरथ हुआ। प्रभु निज चौक में विराजे। ठाकुर जी को गिरिराज के बीच पधराया गया। इस दौरान मंदिर में केले के पत्ते, पुष्प और मालाओं से सुंदर सजावट की गई थी। ठाकुरजी के दान मनोरथ पर दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही और जयकारे गूंजते रहे। इस अवसर पर प्रभु को मुकुट काछनी का भारी श्रृंगार धराया गया। साथ में, दही की मटकी फोड़ने के लिए लंबी लकुटी भी रखी गई।

नवागंतुक छात्रों को शैक्षिक वातावरण से परिचित कराया

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप द्वारा संचालित नयागांव स्थित मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमआईटी में नए स्ट्रीम बीबीए और बीसीए के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्यक्रम, कॉलेज की संरचना और शैक्षिक वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.विवेक पांडे परीक्षा नियंत्रक एवं प्रो.धीरज कुमार पवललिया, डीन एकेडमिक्स, राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी, मोदी ग्रुप के चेयरमेन सुशील मोदी, ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी एमआईटी के प्राचार्य डॉ.विकास सोनी द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो.विवेक पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके पास वह क्षमता है जो दुनिया को बदल सकती हैं। सफलता केवल किताबों से नहीं, बल्कि कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और

मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एमआईटी में नए स्ट्रीम बीबीए और बीसीए के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2024 का आयोजन किया गया।

सही दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। मुख्य अतिथि प्रो.धीरज कुमार पवललिया ने छात्रों को सलाह दी कि वे केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि समस्याओं को हल करने की क्षमता, नवाचार और क्रिटिकल थिंकिंग पर भी ध्यान केंद्रित करें। ग्रुप डायरेक्टर राघव मोदी कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है, जो उनकी शिक्षा और सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्धता और मेहनत का प्रतीक है। वाईस चेयरमैन सुशील मोदी ने कहा कि कॉलेज का मुख्य उद्देश्य छात्रों का समग्र विकास है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न वर्कशॉप और सेमिनार में सक्रिय भागीदारी की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. विकास सोनी ने आने वाले 15 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम और पूरे सत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।

मुख्यालय जबलपुर के पीसीओएम ने कोटा में संरक्षा निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय जबलपुर के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक (पीसीओएम) गुरिंदर मोहन सिंह ने कोटा मंडल में संरक्षा निरीक्षण किया।

कोटा में संरक्षा निरीक्षण के दौरान विश्वस्तरीय तर्ज पर 111.18 करोड़ की लागत से चल रहे डकनिया तलाव रेलवे का पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही डकनिया में आरक्षण कार्यालय का मुवायना किया एवं यात्री सुविधाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कोटा में रूट रिले इंटरलॉकिंग पैनल की जाँच की जहाँ ट्रेन संचालन से जुड़े सभी संरक्षा पहलुओं का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मंडल के नियंत्रण कार्यालय में निरीक्षण किया। कंट्रोल कार्यालय में ट्रेनों के परिचालन से जुड़े सभी विभाग के समन्वय एवं कार्य प्रणाली का निरीक्षण किया।

जनसुनवाई: कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सोमवार को प्रातः 10 बजे उपखंड मुख्यालय परिसर कनवास में जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

खोया-पाया

मकान नंबर 1 च 3 दादाबाड़ी कोटा का असल कब्जा पत्र एवं असल इन्वेंट्री डिक्लेरेशन कही गुम हो गए है, मिलने पर सूचित करें। वीरेन्द्र कुमार मालू पुत्र स्व. रतन चंद्र मालव, मो. 9414252256

बेटे के जन्मदिन पर परिवारजनों ने किया रक्तदान

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा लोगों को प्रेरित कर उनके जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का सिलसिला जारी है। टीम जीवनदाता निरंतर प्रयास रहती है, इसी के चलते लोग अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य आयोजनों पर रक्तदान करते हैं, ऐसे में सेन परिवार ने अपने बेटे श्रेयांश का जन्मदिन रक्तदान कर मनाया। पिता महावीर सेन ने पत्नी ममता को साथ लेकर रक्तदान शिविर लगाए जाने के लिए कहा तो वह सहज तैयार हो गई और तीनों अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे। टीम जीवनदाता के सहसंयोजक वर्धमान जैन ने बताया कि लायंस क्लब कोटा टेक्नो के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें श्रेयांश के माता-पिता व परिवारजन के साथ मित्रगण ने भी रक्तदान कर उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पिता महावीर ने संकल्प लिया कि वह नियमित इस तरह से ही जन्मदिन अब मनाते रहेंगे। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अध्यक्ष ए के गुप्ता ने बताया की इस परंपरा को अब संस्कार बनाकर बेटा अट्ठारह वर्ष पूर्ण होते ही रक्तदान करना प्रारंभ करेगा।

वर्ल्ड हार्ट डे पर आज दौड़ेंगे

कोटा, (निसं)। विश्व हृदय दिवस के मौके पर कोटा के लोग हृदय की बीमारियों के लिए शहर में रविवार को सुबह चलेंगे, दोड़ेंगे, हृदय संबंधी योग करेंगे और हैल्दी भोजन के लाभ और उसे बनाने के तरीके जानेंगे।

पैदल चलने की इवेंट में लोग परिवार के साथ भाग ले सकेंगे। जयपुर, दिल्ली, इंदौर, सूरत, जोधपुर, समेत अनेक शहरों से भी लोग इसमें शामिल होंगे। वॉक-रन-ओ-योगा नाम से यह दौड़ कोटा हार्ट इंस्टीट्यूट और श्रीजी अस्पताल द्वारा आयोजित हो रही है। कार्यक्रम में फिटनेस स्क्वायर जिम, इटोस इवेंट्स, कोटा सहोदय कॉम्पलेक्स, रोटरी क्लब, लॉयेंस क्लब कोटा टेक्नो, कोटा इवेंट एसोसिएशन व एलन कैरियर इंस्टिट्यूट की भागीदारी है। इस वर्ष का वर्ल्ड हार्ट डे का थीम है-अपने दिल को गतिविधियों में सम्मिलित करे। तीनों आयोजन इन्द्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र स्थित रोड़ नंबर पांच पर श्रीजी हास्पिटल में आयोजित किए जाएंगे। आयोजन प्रमुख डॉ.नीता जिंदल ने बताया कि रविवार को प्रातः 5.30 बजे से विभिन्न गतिविधियां की जाएंगी।

वॉक एन रन कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन और विशिष्ठ अतिथि इनशेप जिम के संस्थापक अजय सेठी मुख्य अतिथि होगे। कुल 5 किमी. कि दौड़ होगी। इसके साथ ही हैल्थी हार्ट कुकिंग कोन्टेस्ट भी आयोजित किया जाएगा। यह एक रेसिपी कांटेस्ट है।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2024-25/100783 **लोक सूचना** दिनांक: 27/09/2024

श्री CHETAN SAINI पुत्र श्री ISHWAR LAL SAINI जाति MALI निवासी 86/R-A RK PURAM ENGINEERING COLLEGE KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	सुखपुरा, लाडपुरा (कोटा)	Simranjeet Singh Siddhu S/o Inderjeet Singh Sa.chawani Kota Deh Khatedar	120/32	4480	0.448
				कुल	0.448

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27-09-2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

मकान का छज्जा गिरा, नीचे खड़े वाहन दबे

कोटा, (निसं)। शहर के लाड़पुरा क्षेत्र में रामपुरा इलाके में तीन मंजिला मकान के पहली मंजिल का छज्जा भरभराकर नीचे गिर गया। छज्जे के साथ ही फर्नीचर भी नीचे आ गया। धमाके के आवाज होते ही आस-पड़ोस के लोग घरों से बाहर निकल कर आए। गनीमत रही हादसे के वक्त गली में लोगों की आवाजाही नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। छज्जा गिरने से नीचे खड़े 4-5 वाहन दब गए। हादसे के वक्त परिवार के लोग दूसरे कमरे में थे। स्थानीय लोगों ने नगर निगम को इसकी सूचना दी। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

घटना आर्य समाज रोड़ विक्रम चौक की दोपहर 2 बजे के आसपास की बताई गई। स्थानीय निवासी राजेश ने बताया कि मकान ओम प्रकाश अग्रवाल का है। लगभग 40 से 50 साल पुराना मकान है। मकान के आगे छज्जा निकला हुआ था।

जिसमें लंबी पट्टियां लगी हुई थी। दोपहर में पहली मंजिल का छज्जा अचानक से गिर गया। हादसे के बाद इलाके की बिजली बंद करवाई गई। स्थानीय पार्षद भी मौके पर पहुंचे। मलबा हटाने का काम शुरू हुआ। हादसे के वक्त परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में थे। गनीमत रही कोई जनहानि नहीं हुई। मलबे में 4-5 बाइक दब गई। स्थानीय वार्ड पार्षद सुनील शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना पर मौके पर आया। राहत कार्य शुरू करवाया।

पशुपालकों के आतंक व गंदगी से आम जनता परेशान

पशुपालक योजना में रियायती भूखंड लेकर फिर अतिक्रमण कर रहे है

कोटा, (निसं)। पूर्व नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने 19 जून, 2022 कोटा शहर को केटल फ्री व साफ-सुथरा बनाने के लिये महत्वाकांशी प्रदेश की प्रथम देवनारायण रिहायशी योजना को लागू किया था। जिसमें 1227 पशुपालकों द्वारा 15000 मवेशियों को पालने के लिये सुविधायुक्त कॉलोनी विकसित की गई है। लेकिन पेयजल के लिये एक ही टंकी होने से पशुपालक फिर से शहर में लौट रहे हैं। प्रत्येक वाडों की आवासीय कॉलोनियों में मवेशियों की संख्या बढ़कर 2000 से अधिक हो गई है। उनसे रोजाना फैलने वाली गंदगी कई गुना बढ़ चुकी है। केडीए एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा इनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। शहर की आवासीय कॉलेनियों में पशुपालक सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर मवेशियों के तबेले बनाते जा रहे हैं। जिससे शहर में गंदगी व मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जबकि अधिकांश पशुपालकों को यूआईटी द्वारा देवनारायण योजना में सस्ते भूखंड एवं आवास आवंटित किये जा चुके हैं। जिला प्रशासन एवं

कोटा शहर की सड़कों पर अब जगह-जगह मवेशी नजर आने लगे हैं ।

केडीए प्रशासन की अनदेखी का लाभ उठाकर सैकडों पशुपालक आवासीय कॉलोनियों में गाय-भैंसे बांधकर गंदगी का साम्राज्य फैलाकर दूध बेचने का कारोबार कर रहे हैं। जबकि यूआईटी द्वारा देवनारायण पशुपालक योजना में रियायती दरों पर भूखंड इस शर्त पर आवंटित किये गये थे कि जो भी पशुपालक भूखंड प्राप्त करके शहर में मवेशी रखेंगे, उनके भूखंड निरस्त कर दिये जायेंगे। वार्ड विकास समिति, महिला मोर्चा एवं नागरिक संगठनों ने जिला कलक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी से अपील की कि कोटा को पर्यटन नगरी बनाने के लिये केडीए को शहर को केटल मुक्त बनाने पर सख्ती से अभियान प्रारंभ करना होगा। अन्यथा पशुपालकों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से स्मार्ट सिटी कोट में स्वच्छता का सपना कभी पूरा नहीं हो सकेगा। नये शहर में तलवंडी, महावीर नगर प्रथम, सुभाष नगर, महावीर नगर तृतीय, गणेश नगर, आरकेपुरम, श्रीनाथपुरम आदि आवासीय कॉलोनियों में जगह-जगह पशुपालकों ने मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण कर मवेशियों के तबेले बना लिये हैं।

लोक अदालत में 68 हजार से अधिक मामलों का निस्तारण

कोटा, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोटा सत्यनारायण व्यास की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में आज इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय पर संबंधित न्यायालयों एवं एडीआर सेन्टर कोटा में किया गया। तालुका स्तर पर रामगंजमण्डी, इटावा, दीगोद, सांगोद एवं कनवास में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य लगभग 55113 लंबित मामले एवं प्रीलिटिगेशन के लगभग 50162. मामले सुनवाई हेतु रखे गए। जिसमें राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद, अन्य अधिकरणो आयोग, मंचो, आथोरिटी, आयुक्त, प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से सबंधित प्रकरण, शमनीय दाण्डिक अपराध, चैक अनादरण के मामलें, बैंक वसूली मामले, मोटर दुर्घटना मामले, एम.ए.सी.टी. मामले, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले बिजली, पानी व बीएसएनएल के बिल के राजीनामा योग्य मामले, फसल बीमा, बेरोजगारी भत्तो से संबंधित मामले, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा एवं विनिर्दिष्ट पालना आदि दावो से सम्बंधित सिविल दावे आदि निस्तारण हेतु रखे गए।

कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान

क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2024/10794 दिनांक: 27.9.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रविन्द्र सिंह, श्री परमिन्दर सिंह सिकरवार, श्री केशव सिंह व श्री कुलभूषण सिंह पुत्रान स्व. श्री सत्यभान सिंह निवासी भूखंड संख्या 9-एफ-11 महावीर नगर तृतीय योजना कोटा दक्षिण द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 9-एफ-11 महावीर नगर तृतीय योजना कोटा क्षेत्रफल 165.60 वर्गमीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखंड संख्या 9-एफ-11 महावीर नगर तृतीय योजना कोटा क्षेत्रफल 165.60 वर्गमीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र राजस्थान आवासन मंडल कोटा वृत कोटा के पत्र क्रमांक:-7803 दिनांक 27.03.1995 को श्री सत्यभान सिंह पुत्र श्री उल्फत सिंह को जारी किया गया है। श्री सत्यभान सिंह की मृत्यु दिनांक 15.05.2024 को हो जाने के उपरांत उनके जीवित विधिक वारिसान 1. श्रीमती जय देवी पत्नी स्व. श्री सत्यभान सिंह 2. सुश्री चन्द्रप्रभा पुत्री स्व. श्री सत्यभान सिंह ने रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 02.09.2024 से उक्त भूखंड में निहित अपना-अपना हिस्सा आवेदक श्री रविन्द्र सिंह, श्री परमिन्दर सिंह सिकरवार, श्री केशव सिंह व श्री कुलभूषण सिंह पुत्रान स्व. श्री सत्यभान सिंह के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत हकत्याग पत्र के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त भूखंड संख्या 9-एफ-11 महावीर नगर तृतीय योजना आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/6921-22 **लोक सूचना** दिनांक:-27.09.2024

श्री रामगोपाल पुत्र रामप्रताप जाति मीना निवासी पीलिया कालोनी गजनपुरा तह. व जिला बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (व्यवसायिक प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
बारां तहसील व जिला बारां	नलका	658/77	0.60 है. में से 929.36 वर्गमीटर

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज.....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी आयुक्त नगर परिषद बारां